मध्य प्रदेश में वायुदूत सेवा

138. **श्री अजीत जोगी :**
श्री चन्दन शर्मा :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के कुछ अन्य स्थानों को वायुदूत सेवा से जोड़ने का प्रश्न विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) उन स्थानों के नाम क्या हैं जिन्हें वायुदूत सेवा से जोड़ने का प्रस्ताव जन-प्रतिनिधियों से तथा अन्य स्रोतों से प्राप्त हुआ है ; और

(घ) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) से (घ) मध्य प्रदेश राज्य में निम्नलिखित स्टेशनों को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं :—

1. सिंगरौली
2. सतना
3. उज्जैन
4. भिलाई
5. झबुआ
6. रतलाम
7. सरगुजा
8. चंदेरी
9. सागर
10. खंडवा
11. शहजानपुर
12. नीमच
13. मांडला
14. बुरहानपुर

विमान क्षमता की उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं के विकास और परिचालन साध्य होने पर चालू योजना अवधि के दौरान भिलाई को हवाई मार्ग से जोड़ने की वायुदूत की योजना है। शेष स्टेशनों का निर्णय आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रावधान पर निर्भर करेगा।

मध्य प्रदेश के लिये हेलिकाप्टर सेवा

139. **श्री अजीत जोगी :**
श्री चन्दन शर्मा :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) **मध्य प्रदेश के कुछ महत्वपूर्ण** स्थानों को "हेलिकाप्टर सेवा" से जोड़े जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं है।

Additional air service on Indore-Delhi and Indore-Bombay sectors

140. SHRI AJIT P.K. JOGI :
SHRI CHANDAN SHARMA :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is a heavy waiting list of passengers on INDORE-BOMBAY and INDORE-DELHI sectors; and

(b) if so, whether any additional Air Service in these sectors is proposed to be provided by Government?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF